



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

मार्च–2022

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- **उपलब्धियाँ**
- **सराहनीय कार्य**
- **आगामी गतिविधियाँ**
- **कल्याणकारी कार्य**

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### विधान सभा समान्य निर्वाचन-2022 के परिपेक्ष्य में अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा मार्गदर्शन

▪ दिनांक 03.02.2022: उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव–2022 के दौरान सुदृढ़ संचार व्यवस्था स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रुम से प्रदेश के 78 पुलिस जनपदों में फील्ड में नियुक्त राज्य रेडियो अधिकारी/अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक/प्रभारियों को 07 चरणों में प्रस्तावित चुनाव के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होने के दृष्टिगत संचार व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रखने, चुनाव के दौरान प्रत्येक कार्मिक का आचरण संदेह से परे होने ताकि सत्ता पक्ष या विपक्ष कोई आरोप न लगा सके, वीवीआईपी भ्रमण के दौरान गोपनीयता एवं पारदर्शिता रखते हुए संचार उपलब्ध कराने, चुनाव के दौरान पुलिस कार्मिकों के चुनाव आयोग के अधीन होने के कारण बहुत सतर्क रहकर संचार उपकरणों को क्रियाशील रखते हुये चुनाव ड्यूटियाँ सम्पादित कराने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

श्री गुप्ता द्वारा चुनाव हेतु संचार उपकरणों की मरम्मत व छुद्र आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु व्यापक प्रबन्ध व धनावंटन किये जाने, चुनाव हेतु अतिरिक्त संचार उपकरणों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु डीसीपीडब्लू, नई दिल्ली व पड़ोसी राज्यों से सेट मँगाकर 75 प्रतिशत आवश्यकताओं की पूर्ति करने, प्रथम व द्वितीय चरण के जनपदों को रेडियो मुख्यालय से तथा शेष चरण के जनपदों को बारी–बारी से डायवर्जन के माध्यम सेट उपलब्ध कराने, 12 वोल्ट बैट्री व हैण्ड–हेल्ड सेटों की बैट्रियाँ निर्गत किये जाने, पड़ोसी जनपद/राज्य से जनपदीय संचार सम्पर्क सही रहने, ईवीएम मशीन की सुरक्षा हेतु संचार बनाये रखने, उपलब्ध स्टाफ से ही दक्षतापूर्वक कार्य कराये जाने, बैरियर्स/चेक पोस्ट्स/संवेदनशील स्थलों तथा शैडो एरिया से आच्छादित पोलिंग सेन्टर्स के आरटी सेट्स का संचालन नागरिक पुलिस की जनशक्ति से कराने, चुनाव हेतु नामित रेडियो कार्मिकों को समय से ड्यूटी जनपद हेतु रवाना करने, चुनाव ड्यूटी कार्मिकों के ड्यूटी पर मौजूद रहने, सैनेटाइजर इत्यादि की व्यवस्था, चुनाव ड्यूटी में आपसी सामंजस्य, व कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु रेडियो मुख्यालय से आंवटित अनुदान के सदुपयोग के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये गये।

श्री गुप्ता द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कार्मिकों के लिये पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा, जनपदीय वर्कशाप की चक्रीय कार्यशीलता, कण्ट्रोल रुम एवं सब–कण्ट्रोल रुम की संचार व्यवस्था चेकिंग, प्रसारित की जाने वाली सूचनाओं का समयबद्ध लॉगबुक में अंकन, नये सेट्स की एसेसरीज न बदलने, बाह्य ड्यूटी स्टाफ की मदद करने, लगन एवं निष्ठा से कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिये जाने, लापरवाहों के विरूद्व कठोर कार्यवाही, तथा अपने दीर्घ अनुभव का प्रयोग कर चुनाव आयोग की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए उत्कृष्ट पुलिस संचार व्यवस्था प्रदान करने इत्यादि विषयों पर भी कार्मिकों को व्यापक निर्देश प्रदान किये गये।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 28.02.2022 | बलिया, महाराजगंज, गोरखपुर |
| 27.02.2022 | देवरिया, बस्ती, वाराणसी, गोरखपुर |
| 24.02.2022 | अमेठी, प्रयागराज |
| 23.02.2022 | कौशाम्बी, प्रयागराज, बाराबंकी, लखनऊ |
| 22.02.2022 | बहराइच, लखनऊ |
| 20.02.2022 | उन्नाव, हरदोई, लखनऊ |
| 17.02.2022 | फतेहपुर, लखनऊ |
| 16.02.2022 | सीतापुर, लखनऊ |
| 14.02.2022 | कानपुर नगर, कानपुर देहात |
| 12.02.2022 | कन्नौज, लखनऊ |
| 11.02.2022 | कासगंज, बरेली |
| 10.02.2022 | सहारनपुर |
| मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार | |
| 21.02.2022 | सीतापुर |
| 17.02.2022 | मैनपुरी, आगरा |
| 15.02.2022 | मैनपुरी |
| 06.02.2022 | अमरोहा, बागपत |
| 03.02.2022 | बुलन्दशहर |
| मा0 रक्षा मंत्री, भारत सरकार | |
| 23.02.2022 | देवरिया |
| 03.02.2022 | अमरोहा |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 22.02.2022 | मथुरा |
| 21.02.2022 | मथुरा |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 28.02.2022 | देवरिया |
| 25.02.2022 | चित्रकूट |
| 19.02.2022 | सीतापुर |
| 18.02.2022 | मैनपुरी |
| 16.02.2022 | वाराणसी |
| 15.02.2022 | कासगंज, इटावा, फिरोजाबाद, आगरा |
| 14.02.2022 | हाथरस, मैनपुरी, आगरा |
| 13.02.2022 | एटा, आगरा, अमरोहा |
| 11.02.2022 | शाहजहाँपुर, कासगंज, बदायूँ |
| 10.02.2022 | सहारनपुर, |
| 08.02.2022 | गौतमबुद्धनगर, अमरोहा |
| 07.02.2022 | मेरठ, बिजनौर |
| 06.02.2022 | मथुरा, आगरा |
| 05.02.2022 | शामली |
| 02.02.2022 | मथुरा, आगरा |
| मा0 मुख्य मंत्री, छत्तीसगढ़ | |
| 24.02.2022 | देवरिया |
| मा0 मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश | |
| 20.02.2022 | देवरिया |

## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण एवं संचार प्रबन्धों की समीक्षा

- दिनांक 27.02.2022 एवं 28.02.2022: अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा आकस्मिक रुप से वाराणसी ज़ोन के चुनाव संचार प्रबन्धों की गहन समीक्षा की गयी।
- दिनांक 10.02.2022 एवं 11.02.2022: अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा आकस्मिक रुप से चुनाव संचार प्रबन्धों की गहन समीक्षा की गयी।
- दिनांक 08.02.2022: अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा आकस्मिक रुप से प्रयागराज ज़ोन के चुनाव संचार प्रबन्धों की गहन समीक्षा की गयी।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में फरवरी–2022 में 225 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से फरवरी–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 11 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री गिरिजा नन्दन तिवारी, जालौन, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दुर्गा प्रसाद, प्रतापगढ़, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामेश्वर वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव कान्त मिश्र, फतेहपुर, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव प्रकाश गुप्ता, बाँदा, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजय यादव, गाज़ियाबाद, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीरेन्द्र कुमार दुबे, देवरिया, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वसीउद्दीन, शाहजहाँपुर, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री छोटे लाल, लखनऊ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भवानी शंकर पन्त, लखनऊ, एवं 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, हरदोई।





## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- <u>कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय</u>: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 31.01.2022 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- दिनांक 21.02.2022: पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या:डीजी–दो/अ–डीसी–(निर्देश)/2022 दिनांक 15.02.2022 में निहित निर्देशों के अनुपालन क्रम में दिनांक 21.02.2022 को उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर द्वारा रेडियो मुख्यालय स्थित पोलनेट सभागार के कक्ष में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ज़ोन/परिक्षेत्र/जनपद स्तर पर उपलब्ध रेडियो संवर्ग के राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों को वृहद रुप से कार्य एवं पदीय दायित्व, आचरण की विशिष्टता, कार्य एवं आचरण में सुधार के उपाय एवं उनकी महत्ता, उच्च कोटि का आचरण रखने हेतु पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा प्रचारित "पुलिस आचरण–2015" पुस्तिका के निर्देशों के अनुरुप आचरण करने, सेवा में निष्ठा एवं लगन का महत्व, अन्य सुसंगत नियम/नियमावलियों इत्यादि के सम्बन्ध में ब्रीफ करते हुए उच्च कोटि का कार्य एवं आचरण प्रदर्शित करने हेतु प्रेरित किया गया।

## श्रद्धांजलि

- माह फरवरी–2022 में कानपुर नगर में नियुक्त प्रधान परिचालक/4155, श्री राम सिंह यादव का दिनांक 19.02.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री राम सिंह यादव के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

# वर्ष–2021 में उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 सकुशल सम्पन्न कराये गये।
- 75 जनपदों में पोलनेट 2.0 योजना के उपकरण अधिष्ठापित कर संचार प्रारम्भ किया गया।
- प्रदेश में 113 बाढ़ केन्द्रों पर आरटी सेट अधिष्ठापित कर संचालन किया गया।
- जनपदों में कोविड–19 से बचाव एवं जन जागरूकता हेतु चिन्हित स्थानों पर 104 पीए सिस्टम अधिष्ठापित कराकर सूचनाओं का प्रचार–प्रसार किया गया।
- प्रदेश में वीवीआईपी/वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान फ्लीट में वायरलेसों सेट का अधिष्ठापन व संचालन किया गया तथा सम्पूर्ण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।
- अप्रैल 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा सामान्य निर्वाचन हेतु पीएसी कन्टीजेण्ट के साथ संचार व्यवस्था हेतु उपकरण/रेडियो स्टाफ भेजा।
- कोरोना संक्रमण के दौरान जिला कोविड एण्ड कमाण्ड कण्ट्रोल रूम में स्टेटिक वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराकर ड्यूटियाँ सम्पादित करायी गयीं। कोरोना महामारी के दौरान बनायी गयी अस्थाई जेलों में सीसीटीवी/वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।
- कोरोना माहमारी के दौरान ऑक्सीजन टैंकर्स को सकुशल गंतव्य स्थानों पर सुरक्षित पहुँचाने में योगदान दिया गया।

## आगरा ज़ोन

- अन्य राज्य में चुनाव कण्टीजेण्ट ड्यूटी हेतु कार्मिक भेजे गये।
- वीआईपी भ्रमण हेतु सीसीटीवी/वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन कराया गया।
- बाढ़ नियंत्रण हेतु वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये।

## बरेली ज़ोन

- महाशिवरात्रि, कॉवड़ मेला, गंज मेला, होली, गंगास्नान पर्व, सेल्हा बाबा मेला, ईदुल फितर, दशहरा, दीपावली, वारावफात, काकोड़ा मेला, चौबारी मेला, छोटे व बड़े लाट साहब के जुलूसों हेतु सीसीटीवी/संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।
- बरेली में नवनिर्मित हवाई अड्डे के उद्घाटन हेतु सीसीटीवी सर्विलॉन्स/संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।
- मुरादाबाद में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 की अध्यक्षता में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु अल्प समय में बरेली एवं मथुरा से आरटी सेट एवं सीसीटीवी कैमरे एकत्रित कर सीसीटीवी/संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।
- वीआईपी ड्यूटियों में बाहय जनपद जैमर ड्यूटी भेजी गयी।

## गोरखपुर ज़ोन

- खिचड़ी मेला, पुलिस भर्ती, महाशिवरात्रि पर शिव मन्दिर झारखण्डी, महाशिवरात्रि पर इटहिया मन्दिर, होली, कॉवड़ मेला, शक्तिपीठ देवीपाटन मन्दिर, दुर्गा पूजा, दशहरा, कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मन्दिर मेला, छठ पूजा एवं राम नवमी के दौरान लेहडा मन्दिर इत्यादि अवसरों पर सीसीटीवी/संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

## कानपुर ज़ोन

- मकर संक्रांति मेला, माघ पूर्णिमा मेला, बिठूर मेला, मकनपुर मेला, श्रावण मास में शिव मन्दिरों में शिवरात्रि मेले, परमट मन्दिर, होली के दौरान आयोजित गंगा मेला, श्री राम नगरिया मेला पांचाल घाट, ढ़ाईघाट मेला, शमसाबाद, श्रंगीरामपुर मेला, कमालगंज, कार्तिक पूर्णिमा स्नान, शेखपुर मेला, कौमुदी महोत्सव, संकिसा मेरापुर, दशहरा मेला, कार्मिक पूर्णिमा मेला, सरसई नावर मेला, ब्राम्हणी मेला इत्यादि में सीसीटीवी/संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।
- कानपुर नगर में ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत–न्यूजीलैण्ड अन्तर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट मैच के दौरान स्टेडियम व टीम के प्रवास स्थल होटल लैण्डमार्क में सीसीटीवी/संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

## लखनऊ ज़ोन

- मौसम विज्ञान केन्द्र, अमौसी पर आरटी कण्ट्रोलरूम की स्थापना करायी गयी।
- सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 100 अदद पिंक स्कूटी व 10 अदद पिंक पेट्रोल वाहनों को वायरलेस सेटों का आवंटन/अधिष्ठापन एवं अनुरक्षण किया गया।
- थानों में संचालित 206 अदद जीपीएस युक्त पॉलीगान मोबाइल वाहनों की मानीटरिंग हेतु पॉलीगान कण्ट्रोलरूम की स्थापना एवं वाहनों को आवंटित हैण्ड हैल्ड सेटों का अनुरक्षण किया गया।
- गोला गोकर्ण नाथ सावन मेला, थाना डलमऊ एवं थाना ऊँचाहार, रायबरेली में गंगा तटीय कार्तिक पूर्णिमा मेला, अयोध्या में सवान झूला मेला, कार्तिक पूर्णिमा परिक्रमा मेला व दीपोत्सव हेतु सीसीटीवी/संचार व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी।
- हरदोई में 28 थानों पर बेतार आधारित पीए प्रणाली अधिष्ठापित की गयी।

## मेरठ ज़ोन

- जम्बूद्वीप थाना हस्तिनापुर, मेरठ का मेला, बागपत में पुरामहादेव मेला, महाशिवरात्रि पर औघड़नाथ मन्दिर, मेरठ, वायु सेना दिवस पर थाना साहिबाबाद एवं हिन्डन एयरफोर्स स्टेशन, गढ़ मला, हापुड़ हेतु सीसीटीवी/संचार स्थापना की गयी।
- दिल्ली बार्डर, यूपी गेट गाजियाबाद पर किसान आन्दोलन के कारण कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु सीसीटीवी कैमरे/आरटी सेट अधिष्ठापित कराकर संचालित कराये। मुजफ्फरनगर में किसान आन्दोलन/किसान महापंचायत हेतु संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।
- 25 थानों/चौकियों पर बेतार आधारित पीए प्रणाली अधिष्ठापित की गयी।
- 52 वीआईपी ड्यूटियों में बाहय जनपद जैमर ड्यूटी भेजी।

## प्रयागराज ज़ोन

- होली, शबेबरात, दीपावली, माघ मेला के दौरान 6 स्नान पर्वों पर सीसीटीवी/संचार व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी।
- माघ मेला हेतु 06 स्नानपर्वों पर सीसीटीवी/संचार व्यवस्था कायम की।

## वाराणसी ज़ोन

- पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव के परिपेक्ष्य में पीएसी कन्टीजेण्ट के साथ संचार व्यवस्था ड्यूटी हेतु कार्मिकों का दल भेजा गया।
- वीआईपी/वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराये गये।

## रेडियो मुख्यालय

- रेडियो निरीक्षक पद पर 04, रेडियो उपनिरीक्षक पद पर 182, प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) पद पर 25 एवं सहायक परिचालक पद पर 01 (कुल 221) पदोन्नतियाँ की गयीं।
- विभागीय कार्मिकों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक–1, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अतिउत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवा पदक–35, उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह–18 तथा पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह; प्लेटिनम–4, गोल्ड–5 व सिल्वर–14 (कुल 77 पदक) प्राप्त हुए।
- 73 पेंशन प्रकरण व 37 कर्मिको एसीपी स्वीकृत की गयी।
- 16 रिट में प्रति–शपथ पत्र दाखिल किये।
- सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 109 आवेदन निस्तारित किये।
- सीधी भर्ती के 2019–2020 बैच के 10 आईपीएस प्रशिक्षुओं को मुख्यालय का भ्रमण कराया गया।
- मृतक आश्रित कोटे से भर्ती 8 प्रशिक्षुओं के प्रारम्भिक भर्ती प्रशिक्षण सम्पन्न कराये।
- पदोन्नति प्राप्त 203 रेडियो उपनिरीक्षकों के अल्पकालिक प्रशिक्षण सम्पन्न किये गये।
- पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालाओं द्वारा वर्ष–2021 में चक्रीय क्रम में 29567 कार्मिक लाभान्वित हुए।

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो में नयी नियमावली के अनुरूप प्र0परि0(यॉ0)/प्र0परि0, स0परि0 एवं कर्मशाला कर्मचारी के पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती के चयनित कार्मिकों के समरुप प्रशिक्षण हेतु सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों के मैनुअल तैयार किये गये।
- रेडियो जोन के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में 02 गोल्ड, 07 रजत एवं 02 कॉस्य पदक प्राप्त किये।
- प्रशिक्षण केन्द्र में Online Awareness and Training workshop on "Sudden Cardiac Arrest and Cardio Pulmonary Resuscitation" विषय पर Zoom Webinar का आयोजन किया गया। उक्त विषय पर KGMU, Lucknow के विशेषज्ञों से 15 विभागीय कार्मिकों को प्रशिक्षित कराया गया।
- मुख्यालय एवं आवासीय परिसर में कोविड–19 से बचाव हेतु समय–समय पर सेनीटाइजेशन कराया गया। मुख्यालय/आवासीय परिसर के प्रवेश द्वारों पर डिस्टेंट थर्मल स्कैनिंग कराकर प्रवेश दिया गया। रेडियो कार्मिकों को समय–समय पर हैण्डवाश, फेसमास्क एवं दवाओं का वितरण किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र में सम्पन्न 4 कोविड वैक्सीनेशन कैम्प में 646 कार्मिक व उनके परिजन लाभान्वित हुए।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–7)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- सन् 1965 में भारत के मा0 प्रधानमंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री, का उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आगमन हुआ।



उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाली मशहूर हस्तियों में श्रीमती इन्दिरा गॉन्धी, तत्कालीन गृहमंत्री, श्री ज्ञानी जैल सिंह के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल रहे हैं।

### संचार प्रबन्ध जो भारत में प्रथमतः उत्तर प्रदेश पुलिस में लागू किये गये

- सर्वप्रथम सन् 1947 में 40 वाट क्षमता का ट्रांसमीटर विभाग द्वारा बनाया गया जिसे ''एम–सेट'' नाम दिया गया।
- भारत वर्ष में फ्लाइंग स्क्वाड में सन् 1948 में सेटों का सर्वप्रथम प्रयोग उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किया गया। यह स्क्वाड लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर, वाराणसी एवं आगरा में स्थापित किये गये थे।
- 1950 के दशक में लखनऊ में प्रदेश पुलिस के स्वयं के उन्नत एवं आधुनिक सुविधायुक्त तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गयी जिसमें अन्य प्रदेशों के कार्मिक भी प्रशिक्षित किये गये।
- सन् 1951 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गृह मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा श्री सी0पी0 जोशी को हिमालय क्षेत्र में तिब्बतीय व्यापारिक पथ पर लगभग 16,000 फीट की ऊँचाई पर मिलान, गर्ब्यांग व निलांग चेक पोस्ट पर वायरलेस सेट लगाने का कार्य सौंपा गया। इतनी ऊँचाई से संचार बैटरियों के इलेक्ट्रोलाइट जम जाने व ऑक्सीजन के अभाव में जनरेटर न चल पाने के कारण असम्भव माना जाता था। श्री जोशी द्वारा हैण्ड जनरेटर की मदद से विद्युत उत्पन्न कराकर समस्या सुलझाते हुए लीपू लेख, कुंगरी–बिंगरी व निलांग पास चेक पोस्ट्स पर वायरलेस सेट स्थापित कराये। परिणामस्वरुप अगले दो वर्षों में नीती, माना, कुठी व बेदांग चेक पोस्ट हेतु वायरलेस सेट की स्वीकृति प्राप्त हुई और सेट्स का अधिष्ठापन कार्य पूर्ण किया गया। हैण्ड जनरेटर द्वारा संचालित वायरलेस सेट्स में मुख्य रुप से V-101 व SCR-694 प्रमुख रहे।
- संचार व्यवस्था के आधुनिकीकरण के अन्तर्गत वीवीआईपी फ्लीट संचार हेतु ब्रिटेन एवं डेनमार्क से वॉकी–टॉकी सेट्स का आयात किया गया।
- अवांछनीय सन्देशों के प्रसारण व उनकी दिशा का पता लगाने के लिये डायरेक्शन फाइण्डिग उपकरणों का आयात भी उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा सबसे पहले प्रारम्भ किया गया।
- वायरलेस सेटों की निर्धारित आवृत्ति के क्वार्ट्ज़ क्रिस्टल तैयार करने की क्षमता भी विभाग द्वारा विकसित की गयी।
- सन् 1961 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गृह मंत्री, चौधरी चरण सिंह द्वारा लखनऊ एवं कानपुर में सभी संसाधनों से युक्त कन्ट्रोल रुम मय पेट्रोल कार स्वीकृत किये गये। कालान्तर में यह व्यवस्था अन्य शहरों में भी लागू की गयी।
- पुलिस रेडियो द्वारा एक 07 टन के वाहन पर संचार व्यवस्था हेतु सेट व एण्टीना से सुसज्जित ''मोबाइल कन्ट्रोल रुम'' भी संचालित किया गया जो मेले इत्यादि अवसरों पर भीड़ नियंत्रण हेतु उपयोगी रहा। इस व्यवस्था को बर्लिन पुलिस प्रमुख द्वारा श्री सी0पी0 जोशी के 15 वर्ष बाद किये गये बर्लिन भ्रमण के दौरान सराहा व यूरोप से भी सम्मुन्नत बताया गया। लगभग 20 वर्ष बाद सन् 1994 में ''मोबाइल कन्ट्रोल रुम'' की व्यवस्था नई दिल्ली में संचालित की गयी।

---

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।